IDBI BANK
CIN: L65190MH2004GOI148838

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई टॉवर,
डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड,
मुंबई - 400 005.
टेलिफोन : (+91 22) 6655 3355, 2218 9111
फैक्स : (+91 22) 2218 0411
वेबसाइट : www.idbi.com

IDBI Bank Limited
Regd. Office : IDBI Tower,
WTC Complex, Cuffe Parade,
Mumbai - 400 005.
TEL.: (+91 22) 6655 3355, 2218 9111
FAX : (+91 22) 2218 0411
Website : www.idbi.com

25 जुलाई 2016

The Manager (Listing) BSE Ltd., 25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001	The Manager (Listing) National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No.C/1, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra(E), Mumbai - 400 051

Dear Sir,

Annual Report of the Bank for FY 2015-16

In terms of Regulation 34 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, we forward herewith (i) the Annual Report of the Bank for FY 2015-16, (ii) Form A- Unqualified/ Matter of Emphasis Report for year ended March 31, 2016 (standalone and consolidated) and (iii) Business Responsibility Report of the Bank for FY 2015-16.

Kindly acknowledge receipt and take the above on record.

भवदीय
कृते आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

25/07/16

[पवन अग्रवाल]
कंपनी सचिव

संलग्न: उपर्युक्त

वार्षिक रिपोर्ट 2015-16

ANNUAL REPORT 2015-16

रूपांतरण बैंक का

Transforming Bank

रूपांतरण ज़िंदगियों का

Transforming Lives

रूपांतरण भारत का

Transforming India

IDBI BANK

आईडीबीआई बैंक ने शुरू की सूर्य शक्ति स्कीम
नयी दिल्ली. एजेंसी.
सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक ने पंजाब सरकार के निजी स्तर पर रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना जैसी पहल में मददगार बनते हुए सस्ती
ऋण उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है. ऐसे में आईडीबीआई बैंक द्वारा शुरू की गयी सूर्य शक्ति स्कीम इस दिशा में बड़ा कदम है.
पूरी की जा सकती है, जिसमें बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है
IDBI Bank plans overseas expansion as devp institution
READY TO TAKE OFF
IDBI Bank inaugurates BCP facility
IDBI Bank launches RuPay Platinum Debit card
IDBI Bank, in association with National Payments Corporation of India, on Monday launched the RuPay Platinum Debit card, the bank said in a statement.
IDBI to cut net N
to zero in revam
IDBI to mop up
₹2800cr via QIP
किशोर खरात बने IDBI बैंक के प्रबंध निदेशक
एजेंसियां मुंबई.
We have increased focus on retail business
Bank with care
IDBI Bank organises Kisan Sangosthi
IDBI Bank to flex arms to pump up business
IDBI Bank's green bonds fetch ₹2,310 cr
IDBI Bank executes MOU with Mahila Arthik Vikas Mahamandal
Memorandum of Understanding (MoU) between IDBI Bank Ltd and Mahila Arthik Vikas Mahamandal (MAVIM) was signed by
Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank Ltd and release of special journal
Seen in the photograph (L-R) are Viney Kumar, ED; R K Bansal, ED B K Batra, Deputy MD; Suneet Kumar Mathur, ED (CVO); U B Nerurkar GM and P S Dubey, GM at the launch of the special journal

विषयवस्तु

कॉरपोरेट विहंगावलोकन

ii रूपांतरण बैंक का. रूपांतरण जिंदगियों का. रूपांतरण भारत का.

iv वित्तीय विशेषताएं

vi यथा 31 मार्च 2016 को निदेशक मंडल तथा शीर्ष प्रबंधन

viii प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

xvi कुछ प्रमुख गतिविधियां

xxii पुरस्कार एवं सम्मान

सांविधिक रिपोर्टें

2 निदेशकों की रिपोर्ट

16 प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

50 कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

वित्तीय विवरण

132 एकल वित्तीय विवरण

236 समेकित वित्तीय विवरण

346 पिलर III प्रकटन

Contents

Corporate Overview

ii Transforming Bank. Transforming Lives. Transforming India.

iv Financial Highlights

vi Board of Directors and Top Management as on March 31, 2016

viii Managing Director & CEO's Message

xvi Some Major Events

xxii Awards & Accolades

Statutory Reports

9 Directors' Report

33 Management Discussion and Analysis

92 Corporate Governance Report

Financial Statements

132 Standalone Financial Statements

236 Consolidated Financial Statements

346 Pillar III Disclosures

रूपांतरण बैंक का.
रूपांतरण ज़िंदगियों का.
रूपांतरण भारत का.

मंद और कमजोर आर्थिक वृद्धि की मार से जूझ रहे विश्व में भारत स्थायित्व और अवसरों के केंद्र के रूप में मजबूती से खड़ा है. सरकार अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधारों पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है ताकि देश को उच्चतर वृद्धि पथ पर अग्रसर किया जा सके. भारत के एक सबसे युवा संपूर्ण सेवा प्रदान करने वाले वाणिज्यिक बैंक के रूप में, आईडीबीआई बैंक देश के विकास के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए स्वयं को अनवरत रूप से रूपांतरित करता रहा है और लाखों लोगों के लिए सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में उभर रहा है.

इन तमाम वर्षों में बैंक ने अलग-अलग श्रेणियों के ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी रणनीतियों को पुनर्निर्धारित करते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं ताकि राष्ट्रीय रूपांतरण के उद्देश्य को सुसाध्य और व्यापक बनाया जा सके. बैंक ने बैंकिंग सुविधाओं से रहित और समाज के वंचित वर्गों के लिए वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित करते हुए वित्तीय समावेशन के लक्ष्य की प्राप्ति में उल्लेखनीय योगदान दिया है.

बैंक ने प्रदूषणमुक्त प्रौद्योगिकियों पर आधारित पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के निधीयन के लिए पहल करते हुए भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अंतर्गत पर्यावरण बैंकिंग के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है. यह सार्वजनिक क्षेत्र का पहला वाणिज्यिक बैंक था जिसने पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए नवंबर 2015 में ग्रीन बांड के जरिए 350 मिलियन यूएस डॉलर जुटाये. इन परियोजनाओं में अन्य के साथ-साथ पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, बायोमास, जल रीसाइक्लिंग प्रणालियाँ शामिल हैं.

बैंक कारोबार में विस्तार, प्रतिभा समूह को प्रशिक्षण, कॉरपोरेट अभिशासन तथा जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ कर और उन्नत प्रौद्योगिकी पारिस्थितिक तंत्र अपनाते हुए रूपांतरण के अपने अति महत्वपूर्ण अधिदेश को कार्यान्वित कर रहा है.

Transforming Bank.
Transforming Lives.
Transforming India.

In a world grappling with sluggish and fragile economic growth, India stands as a haven of stability and an outpost of opportunity. The Government is focussing on sweeping reforms across all sectors of the economy to elevate the country to a higher growth trajectory. As one of India's youngest full-service commercial banks, IDBI Bank is relentlessly transforming itself to keep pace with a nation on the move; emerging as a catalyst of positive change for millions of people.

Over the years, the Bank has taken significant steps to facilitate and extend the cause of national transformation by aligning its strategies to address the evolving aspirations of a wide cross-section of customers. It has contributed immensely to the mandate of financial inclusion by ensuring access to financial products and services to the unbanked and disadvantaged sections of society.

The Bank has played a pioneering role in the Indian banking sector in the area of environmental banking by taking initiatives for funding of green projects based on clean technologies. It was the first public sector commercial bank to raise US$ 350 million through green bonds in November 2015 for financing green projects, which include wind energy, solar energy, biomass, water recycling systems, among others.

The Bank is driving its overarching mandate for transformation through business expansion, nurturing a talent pool, strengthening corporate governance and risk management, and adopting an advanced technology ecosystem.

चुनिंदा रूपांतरण स्तंभ

कारोबार

आईडीबीआई ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत की औद्योगिक और बुनियादी संरचना परियोजनाओं के वित्तपोषण के ज़रिए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है. बिजली बुनियादी संरचना, दूरसंचार परियोजनाओं, राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर मेट्रो रेलवे परियोजनाओं तक, हवाईअड्डों से लेकर बंदरगाहों और अनेक विनिर्माण क्षेत्रों की परियोजनाओं के वित्तपोषण में बैंक अनेकानेक तरीकों से राष्ट्र-निर्माण के उद्देश्य को पूरा करने में सहयोग दे रहा है.

लोग

बैंक उच्च कार्य-निष्पादन और व्यावसायिकता की संस्कृति को बढ़ावा देता है. यह क्षमताओं में वृद्धि करने और अभिप्रेरित टीम का निर्माण करने के लिए सतत प्रशिक्षण और टीम सहभागिता संबंधी पहल कार्यों पर भी विशेष ध्यान देता है. बैंक की मानव संसाधन रणनीतियों को प्रतिभाओं को आकर्षित करने, विकसित करने और बनाये रखने तथा उत्कृष्टता को सम्मानित और पुरस्कृत करने के लिए अनुरूप बनाया गया है.

प्रक्रियाएँ

बैंक का सुदृढ़ और बढ़ता हुआ परिचालन तंत्र अपने ग्राहकों को इसके तेजी से बढ़ते शाखा और एटीएम नेटवर्क तथा वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यमों के ज़रिए बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है. यह कार्यकुशलता बढ़ाने, कारोबारी वृद्धि के नए अवसरों की तलाश करने और संभावित जोखिमों से निपटने के लिए विशिष्ट नीतियां तैयार करता है.

प्रौद्योगिकी

आईडीबीआई बैंक में प्रौद्योगिकी का अर्थ है- गति, सरलता, सुरक्षा और सेवा की विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर उच्च स्तरीय ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना. सीबीएस प्लेटफॉर्म पर 100% शाखाओं को नेटवर्किंग से जोड़ने वाले पहले बैंकों में से एक होने के नाते आईडीबीआई बैंक ग्राहक इंटरफेस के साथ-साथ कारोबार प्रक्रियाओं में नई प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा अग्रणी रहा है.

रूपांतरणशील मानसिकता के साथ आईडीबीआई बैंक जहां एक ओर लोगों को सशक्त बना कर, उद्यमिता को प्रोत्साहित कर तथा अर्थव्यवस्था को अधिक गति प्रदान कर भारत के रूपांतरण में सहयोग प्रदान कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा, पुनर्वास और अन्य पहल कार्यों में सहायता प्रदान कर समुदाय के उत्थान में भी निवेश कर रहा है.

Select transformation pillars

Business

IDBI has played a significant role in helping promote industrial growth through financing of India's industrial and infrastructure projects, in consonance with national priorities. From financing power infrastructure, telecom projects, national highways to metro railway projects, airports to ports and projects in many manufacturing sectors, the Bank is supporting the cause of nation-building in more ways than one.

People

The Bank inculcates a culture of high performance and professionalism. It also focuses on continuous training and team engagement initiatives to enhance capabilities and build a motivated team. The Bank's HR strategies are aligned to attract, develop and retain talent and to recognise and reward excellence.

Processes

The Bank's robust and scalable operating framework is designed to provide best-in-class bouquet of products and services to its customers across its rapidly expanding branch and ATM network as well as through alternate channels of delivery. It formulates specific policies to reinforce efficiency, seek new opportunities for business growth and manage potential risks.

Technology

Technology at IDBI is all about speed, simplicity, security and providing a wide range of services to ensure a high level of customer satisfaction. As one of the first banks to achieve 100% networking of branches on CBS platform, IDBI Bank has always been in the forefront of adapting new technologies - both in customer interface as well as business processes.

With a transformational mindset, IDBI Bank is facilitating India's transformation by empowering people, encouraging entrepreneurship and providing greater impetus to the economy. At the same time, it is investing in community upliftment by supporting education, rehabilitation and other initiatives.

वित्तीय विशेषताएं
Financial Highlights

जमाराशियां
Deposits

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

Year	Amount
2011-12	2,10,493
2012-13	2,27,116
2013-14	2,35,774
2014-15	2,59,836
2015-16	2,65,720

अग्रिम
Advances

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

Year	Amount
2011-12	1,80,572
2012-13	1,96,306
2013-14	1,97,686
2014-15	2,08,377
2015-16	2,15,893

कुल कारोबार
Total Business

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

Year	Amount
2011-12	3,91,065
2012-13	4,23,423
2013-14	4,33,460
2014-15	4,68,213
2015-16	4,81,613

सकल आय*
Gross Income*

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

Year	Amount
2011-12	25,482
2012-13	28,284
2013-14	29,576
2014-15	32,162
2015-16	31,453

* अन्य आय सहित सकल ब्याज आय
* Gross Interest Income plus Other Income

कर्मचारी उत्पादकता
Employee Productivity

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

Year	Amount
2011-12	23.83
2012-13	25.64
2013-14	24.65
2014-15	26.21
2015-16	25.18

निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)
Net Interest Margin (NIM)

(%)

Year	Value
2011-12	2.02
2012-13	2.12
2013-14	2.17
2014-15	1.90
2015-16	1.88

आय-लागत अनुपात
Cost-to-Income Ratio



अग्रिम संमिश्र 2015-16
Advances Mix 2015-16



सीआरएआर*
CRAR*



जमाराशि संमिश्र 2015-16
Deposits Mix 2015-16



(* वित्तीय वर्ष 2012 एवं वित्तीय वर्ष 2013 के सीआरएआर आंकड़े बासेल II के अनुसार हैं)
(* CRAR Figures for FY 2012 & FY 2013 are as per Basel II)

(वित्तीय वर्ष 2014, वित्तीय वर्ष 2015 एवं वित्तीय वर्ष 2016 के आंकड़े बासेल III के अनुसार हैं)
(FY 2014, FY 2015 and FY 2016 are as per Basel III)

यथा 31 मार्च 2016 को निदेशक मंडल
Board of Directors as on March 31, 2016

बैठे हुए (बायें से दायें):
श्री बी.के. बत्रा, श्री किशोर खरात, सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव

खड़े हुए (बायें से दायें):
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, श्री निनाद कर्पे, श्री पंकज वत्स, श्री एस. रवि

Seated (left to right):
Shri B.K. Batra, Shri Kishor Kharat, Ms. Snehlata Shrivastava

Standing (left to right):
Shri Gyan Prakash Joshi, Shri Ninad Karpe, Shri Pankaj Vats, Shri S. Ravi

यथा 31 मार्च 2016 को शीर्ष प्रबंधन
Top Management as on March 31, 2016

बैठे हुए (बायें से दायें):
श्री विनय कुमार, कार्यपालक निदेशक, श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, श्री आर.के. बंसल, कार्यपालक निदेशक, श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन, कार्यपालक निदेशक

खड़े हुए (बायें से दायें):
कार्यपालक निदेशकः श्री सुनीत कुमार माथुर, श्री पी. सीताराम, श्री ए.एल. बोंगिरवार, श्रीमती मैथिली बालसुब्रमणियन, श्री जी.एम. यादवडकर, श्री जी.ए. तड़स, श्री के.पी. नायर, श्री एन.एस. वेंकटेश

Seated (left to right):
Shri Viney Kumar, ED, Shri B.K. Batra, DMD, Shri Kishor Kharat, MD & CEO, Shri R. K. Bansal, ED, Shri S. K. V. Srinivasan, ED

Standing (left to right):
Executive Directors: Shri Suneet Kumar Mathur, Shri P. Sitaram, Shri A. L. Bongirwar, Smt. Mythili Balasubramanian, Shri G. M. Yadwadkar, Shri G. A. Tadas, Shri K. P. Nair, Shri N. S. Venkatesh

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Managing Director & CEO's Message

किशोर खरात - प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Kishor Kharat – Managing Director & CEO

''बदलाव का रहस्य इस बात में नहीं है कि आप अपनी समूची ऊर्जा पुराने को बचाने में खर्च करें बल्कि इस बात में है कि आप उसे नवनिर्माण में लगाएं.''

-सुकरात

आईडीबीआई अपनी सर्वव्यापकता पर गर्व करता है जो अपनी स्थापना से ही एक नए, बदलते भारत की आवश्यकताओं को प्रतिबिम्बित करता है. वर्ष 1964 में शीर्ष विकास वित्त संस्था (डीएफआई) के रूप में स्थापित आपके बैंक ने 2004 में यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए अपने परिचालन क्षेत्र को विस्तारित किया. वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र में अपेक्षाकृत नव प्रवेशी होने के बावजूद आपके बैंक को अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ उद्योग तथा बुनियादी संरचना क्षेत्रों में अपनी उत्प्रेरक मध्यस्थता के ज़रिए राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की विरासत की बदौलत बैंकिंग जगत में बेजोड़ स्थान हासिल है. राष्ट्र के विकास और संपन्नता की खोज यात्रा में आपका बैंक देश के सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक है.

समकालीन रूप से प्रासंगिक संस्था बनी रहने के लिए यह आवश्यक है कि आपका बैंक स्वयं में लगातार परिवर्तन करके उनमें नयापन लाता रहे, बात चाहे इसके कारोबार मॉडल की हो या इसके उत्पादों और सेवाओं की. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आपके बैंक ने एक कारोबार रूपांतरण योजना तैयार की है जिसमें आने वाले तीन वर्षों में इसके कारोबार को लगभग दुगुना करने की परिकल्पना की गई है. साथ ही, उक्त अवधि में निवल लाभ को भी बढ़ाने के लिए रणनीतियां अपनाई जाएंगी. इस रूपांतरण योजना में अपेक्षित रणनीतियों और सक्षमकारी कारकों को लागू करना शामिल है ताकि उक्त लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके. देश में अग्रणी वित्तीय महासंगठन के रूप में अपना अमिट एवं विशिष्ट स्थान बनाने के बैंक के प्रयासों की दिशा में इन रणनीतियों में स्थिरता निर्णायक कारक साबित होगी. इन सभी रणनीतियों का मूल मर्म बैंक के ध्येय को ध्यान में रखते हुए सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करना होगा. इस रूपांतरण प्रक्रिया के ज़रिए आपके बैंक का उद्देश्य मूर्त बदलाव लाते हुए भारत के लोगों के जीवन को रूपांतरित करना और फलस्वरूप भारत को समावेशी तथा तेजी से विकास की ओर अग्रसर अर्थव्यवस्था के रूप में रूपांतरित करने की प्रक्रिया में सहभागी होना भी है.

"The secret of change is to focus all of your energy not on fighting the old, but on building the new."

– Socrates

IDBI Bank prides itself on its universality that mirrors the needs of a new, changing India ever since its inception. Established as an apex Development Financial Institution (DFI) in 1964, your Bank stretched its operational ambit to become a universal bank in 2004. Despite being a relatively new entrant in the commercial banking space, your Bank enjoys an unparalleled stature in the banking industry owing to its legacy of nation building through its catalytic intervention in industry and infrastructure sectors, among other areas. Your Bank is one of the most trusted partners of the nation in its quest for growth and prosperity.

To be a contemporaneously relevant entity, it is necessary for your Bank to continuously reinvent itself, be it in terms of its business model or in its products and services. Towards this end, your Bank has devised a business transformation plan which envisages almost doubling its business over the next three years. Simultaneously, strategies will be pursued to augment its net profit during the said period. The transformation plan involves putting in place requisite strategies and enablers to achieve the said targets. The defining factor in these strategies would be sustainability in order to allow the Bank to carve an indelible niche for itself as a leading financial conglomerate in the country. The crux of all the strategies would be to enhance value proposition for all the stakeholders, in keeping with its vision. Through its transformation process, your Bank also aims to transform lives of people of India by making a tangible difference and consequently, partnering in the transformation process of India as an inclusive and rapidly growing economy.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Managing Director & CEO's Message

प्रिय शेयरधारको,

आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके अवलोकन हेतु प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता है. वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन और पहल-कार्यों का सारांश प्रस्तुत करती है.

समष्टि-आर्थिक विहंगावलोकन

बैंक के कार्य-निष्पादन का सही परिप्रेक्ष्य में आकलन करने के लिए इसके परिचालन परिदृश्य को समझना आवश्यक है. अतः मैं पिछले वर्ष विद्यमान समष्टि-आर्थिक परिदृश्य पर संक्षेप में चर्चा करना चाहूँगा.

भारत अपने समष्टि-आर्थिक परिवेश में सुधार, व्यापक नीतिगत सुधार और भारत सरकार द्वारा किए गए मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया आदि जैसे कई समर्पित पहल-कार्यों की बदौलत दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है. तथापि, कुछ उप क्षेत्रों - विशेषकर औद्योगिक तथा बुनियादी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले उप क्षेत्रों - का वर्ष के दौरान कार्य-निष्पादन क्षेत्र विशिष्ट मुद्दों के कारण कमजोर रहा. अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र के बीच विद्यमान जटिल संबंधों को देखते हुए इन उप क्षेत्रों में कमजोर कार्य-निष्पादन का प्रभाव लाभप्रदता की दृष्टि से बैंकिंग क्षेत्र पर पड़ा है.

कारोबार रणनीति

आपका बैंक औद्योगिक तथा बुनियादी क्षेत्रों के वित्तपोषण में अपनी क्षमताओं, योग्यताओं और गहन अनुभवों का लाभ उठाते हुए रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पोर्टफोलियो के हिस्से को बढ़ाने के लिए रणनीतिक पहल-कार्य करता रहा. आपके बैंक के पहल-कार्यों का केंद्र बिन्दु जोखिम को कम करने और शुल्क आधारित आय के ज़रिए कोर बैंकिंग कारोबार से आय को संपूरित करने के लिए विविधीकृत पोर्टफोलियो संमिश्र सुनिश्चित करना था. वित्तीय महासंगठन के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए आपके बैंक ने अपनी संगठनात्मक संरचना में और साथ ही अपनी सहायक संस्थाओं, सहयोगी संस्थाओं तथा स्थापित अन्य संगठनों के साथ सहक्रियात्मक तालमेल बढ़ाने का प्रयास किया है.

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I am pleased to present your Bank's Annual Report for FY 2015-16 for your perusal. The Annual Report outlines your Bank's performance and initiatives during FY 2015-16.

Macroeconomic Overview

In order to assess its performance in the proper perspective, it is important to understand the Bank's operating environment. I would, therefore, like to briefly dwell upon the macroeconomic environment prevailing last year.

India has been emerging as the fastest growing economy globally, aided by improvement in its macroeconomic environment, wide-ranging policy reforms and several dedicated initiatives taken by the Government of India such as Make in India, Startup India, Stand Up India, Skill India, Digital India etc. However, some sub-sectors, especially within the industrial and infrastructure sectors, underperformed during the year due to sector-specific issues. Given the inextricable linkages that exist between the economy and the banking sector, weak performance in these sub-sectors impacted the banking sector in terms of their profitability.

Business Strategy

Your Bank pursued strategic initiatives to augment the share of retail and priority sector portfolios while simultaneously leveraging its strengths, capabilities and rich experience in industrial and infrastructure financing. The focal point of your Bank's initiatives was on ensuring a diversified portfolio mix to mitigate risk and supplement the income from core banking business through fee-based income. To further strengthen its position as a financial conglomerate, your Bank sought to foster synergy across its organisation structure as also with its subsidiaries, associates and other organisations set up by it.

कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं

वर्ष के दौरान कारोबार के रणनीतिक विकास और अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए आपके बैंक द्वारा शुरू किए गए विभिन्न पहल-कार्यों से परिचालनगत कार्य-निष्पादन बनाए रखने में सहायता मिली है. बैंक का परिचालनगत लाभ ₹ 5,370 करोड़ रहा है. वर्ष के दौरान हमारा ध्यान कारोबार में आक्रामकता पर न होकर कारोबार की गुणवत्ता तथा संमिश्र में सुधार लाने के लिए आस्तियों और देयताओं, दोनों के पोर्टफोलियो में पुनर्संतुलन पर केंद्रित रहा. कुल कारोबार बढ़कर ₹ 4.82 लाख करोड़ रहा जिसमें गत वर्ष की तुलना में 2.86% की वृद्धि दर्ज हुई है. जमा राशियां और अग्रिम क्रमशः 2.26% और 3.61% बढ़कर ₹ 2.66 लाख करोड़ और ₹ 2.16 लाख करोड़ रहे.

कम लागत वाली जमा राशियों का हिस्सा बढ़ाने की अपनी रणनीति के अनुरूप आपके बैंक ने यथा 31 मार्च 2016 को कुल ₹ 0.69 लाख करोड़ की कम लागत वाली कासा जमा राशियां जुटाईं. इन जमा राशियों के फलस्वरूप निधियों की लागत में कमी आई है.

आपके बैंक ने अपने पीएसएल पोर्टफोलियो में भी 7.23% की जोरदार वृद्धि दर्ज की जो 31 मार्च 2016 को ₹ 0.90 लाख करोड़ रहा.

परिचालनगत कार्य-निष्पादन में सुधार के बावजूद आपके बैंक को ₹ 3,665 करोड़ की निवल हानि हुई. यह मुख्यतः भारतीय रिजर्व बैंक की आस्ति गुणवत्ता समीक्षा (एक्यूआर), जिसमें बैंकों से कतिपय खातों के लिए तत्परतापूर्वक प्रावधान करने की अपेक्षा की गई है, के अनुसरण में एनपीए तथा/या दबावग्रस्त आस्तियों के लिए विवेकपूर्ण प्रावधानीकरण के कारण हुई. प्रावधानीकरण के कारण हानि या लाभ में गिरावट अन्य बैंकों के मामले में भी देखी गई है, अतः इसे आपके बैंक के कारोबार मॉडल में किसी कमजोरी के रूप में न देखा जाए. इसके अलावा, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 की तीसरी तथा चौथी तिमाहियों के दौरान आस्ति गुणवत्ता समीक्षा के अंतर्गत पहचाने गए दबावग्रस्त खातों के लिए प्रावधानीकरण को साभिप्राय विस्तारित किया है, अतः इन दोनों तिमाहियों के दौरान कार्य-निष्पादन में पहली तथा दूसरी तिमाहियों की तुलना में लाभप्रदता की दृष्टि से गिरावट आई है. तथापि मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहूँगा कि हमारे तुलनपत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने और लाभप्रदता में निरंतरता बनाए रखने के लिए अधिक कार्यकुशलता के साथ बैंक के कारोबार को रणनीतिक रूप से बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिए ऐसे शोधन (क्लीन अप) उपाय अनिवार्य थे.

Performance Highlights

Various initiatives undertaken by your Bank for strategic business development and strengthening its financial position during the year has helped in maintaining its operational performance. The Bank's operating profit stood at ₹ 5,370 crore. During the period, our focus remained on rebalancing of portfolios, both on asset as well as liabilities side, to make improvement in quality and mix of business, rather than aggression in business. Total business increased to ₹ 4.82 lakh crore, marking a growth of 2.86% over previous year. Deposits and Advances increased by 2.26% and 3.61%, respectively, to ₹ 2.66 lakh crore and ₹ 2.16 lakh crore.

In alignment with its strategy of augmenting the share of the low-cost deposits, your Bank mobilised low-cost CASA deposits to the tune of ₹ 0.69 lakh crore as on March 31, 2016, thereby allowing it to drive down its cost of funds.

Your Bank also posted robust growth of 7.23% in its PSL portfolio which stood at ₹ 0.90 lakh crore as on March 31, 2016.

Despite improvement in its operational performance, your Bank incurred a net loss of ₹ 3,665 crore. This has happened predominantly because of prudential provisioning for NPA and/ or stressed assets following the Reserve Bank of India's Asset Quality Review (AQR) which required banks to proactively provide for certain accounts. The losses or fall in profits on account of provisioning has also been witnessed in case of other banks and therefore, should not be viewed as any weakness in your Bank's business model. Furthermore, your Bank consciously spread over the provisioning for stressed accounts identified under AQR over the third and the fourth quarter of FY 2015-16 and therefore, the performance over these two quarters have witnessed a deterioration in terms of profitability as compared to the first and the second quarter. However, I must emphasise that such clean-up measures were essential for improving the health of our balance sheet and work towards strategically growing the Bank's business with greater efficiency to get sustainability in its profitability.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Managing Director & CEO's Message

2015-16 में बैंक द्वारा किए गए प्रमुख पहल-कार्य

वर्ष 2015-16 कई मोर्चों पर बैंक के लिए महत्वपूर्ण रहा. इस दौरान बैंकिंग जगत तथा अन्य क्षेत्रों में हमारे द्वारा कई पहल-कार्य किए गए. वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा आरंभ किए गए कुछ महत्वपूर्ण पहल-कार्य निम्नलिखित हैं:

- केंद्र सरकार के स्किल इंडिया अभियान के अनुरूप शिक्षा ऋण के अंतर्गत एक विशेष योजना अर्थात् कौशल ऋण योजना का शुभारंभ.
- शिक्षा ऋण चाहने वाले छात्रों के लिए सर्व सेवा पोर्टल *'विद्या लक्ष्मी पोर्टल'* का सदस्य बना.
- सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्त एजेंसी (मुद्रा) लि. के साथ सामान्य पुनर्वित्त करार पर हस्ताक्षर किए जिसके अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर ₹ 10 लाख तक की ऋण सुविधाएं प्रदान की जाती हैं.
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के दो प्रमुख उत्पादों अर्थात् आईडीबीआई मुद्रा ऋण तथा आईडीबीआई बुनकर मुद्रा योजना (आईबीएमवाई) का शुभारंभ.
- 18 सितंबर 2015 को वाराणसी में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में सूक्ष्म उद्यम ऋण के रूप में बैंक द्वारा निधिक सहायता प्रदत्त 101 ई-रिक्शों तथा 501 साइकिल रिक्शों का वितरण किया गया.
- क्रेडिट कार्ड के पोर्टफोलियो में दो और नए कार्ड अर्थात् यूफोरिया तथा इंपीरियम शामिल किए गए.
- 14 अप्रैल 2016 को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर समूचे भारत में स्टैंड अप इंडिया योजना का शुभारंभ.
- बहु-उद्देश्यीय स्व-सेवा एटीएम (लघु शाखा) - अपने किस्म का पहला - जो 24x7 आधार पर नियमित रूप से एटीएम सेवाएं प्रदान करता है और व्यक्तिकृत चेक तथा मांग ड्राफ्ट जारी करने की सुविधा प्रदान करता है.
- पेऐप्ट वॉलेट - एक मोबाइल वॉलेट एप्लिकेशन - जो भुगतान जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थान पर समग्र भुगतान समाधान है.
- जस टैब - एक टैब बैंकिंग समाधान - जो ग्राहकों को टैबलेट का इस्तेमाल करते हुए घर से खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है.
- अभय ऐप - अपनी किस्म का पहला और पथ-प्रवर्तक ऐप - जो ग्राहकों को तात्कालिक आधार पर अपने एटीएम तथा डेबिट कार्डों की पीओएस सीमा को नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान करता है. जिससे कार्ड के दुरूपयोग की गुंजाइश कम रह जाती है.

Major initiatives undertaken by the Bank in 2015-16

The year 2015-16 was momentous for the Bank on numerous fronts and saw various initiatives being undertaken by us in the banking space and beyond. Some of the important initiatives launched/ started by your Bank during the year are:

- A special scheme, viz. Skill Loan Scheme under education loan, in alignment with the Central Government's Skill India campaign.
- Became member to the '*Vidya Laxmi Portal*' which is one-stop portal for the students who are seeking education loan.
- General Refinance Agreement (GRA) signed with Micro Units Development and Refinance Agency (MUDRA) Ltd. under which credit facilities up to ₹ 10 lakh are offered to Micro Enterprises at a competitive interest rate under PMMY.
- Two major priority sector products, viz. IDBI MUDRA Loan and IDBI Bunkar MUDRA Yojana (IBMY) under Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY).
- Flagged off 101 e-Rickshaws and 501 cycle rickshaws funded by the Bank as micro enterprise loan in Varanasi on September 18, 2015 at an event graced by Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi.
- Two more variants of credit cards, viz. Euphoria and Imperium, added to its portfolio.
- Stand Up India Scheme was launched on a pan-India basis on the occasion of the 125th birth anniversary of Dr. Babasaheb Ambedkar on April 14, 2016.
- Multi-purpose self-service ATM (mini-branch) – first of its kind – which provides regular ATM services and facilitates issuance of personalised cheques and demand drafts on 24x7 basis.
- PayApt wallet - a mobile wallet application - which is a one-step, one-stop payment solution for meeting payment needs on the go.
- JusTab - a tab banking solution - to offer the convenience of opening of accounts at customers' door step using a tablet.
- Abhay App – first of its kind and path-breaking app which allows the customers to control the ATM and POS limit of their debit cards on a real-time basis in order to minimise the chance of misuse of the card.

- पूरे भारत में *'किसान संगोष्ठियों'* का आयोजन कर 23 दिसंबर 2015 को किसान दिवस मनाया.
- रिटेल निवेशकों के लिए एटीएम के माध्यम से जी-सेक निवेश सुविधा जो बैंक के समृद्धि जी-सेक पोर्टल का विस्तार है.
- ई-कॉल मनी - ई-ट्रेजरी के अंतर्गत एक मॉड्यूल - एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के रूप में, जिसमें शाखाएं अपने ग्राहकों अर्थात् सहकारी बैंकों की ओर से मांग/ सूचना पर देय/ मीयादी मुद्रा दर्ज कर सकती हैं.
- ई-ट्रेजरी प्लेटफॉर्म के अंतर्गत गैर-व्यापारिक तार अंतरण (टीटी) विप्रेषणों (आवक तथा बाह्य) के लिए रिटेल/ कम मूल्य के लेनदेनों के लिए फॉरेक्स दरें दर्ज करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली.
- 6 मई 2016 को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में भारत के पहले और एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) खोलने वाला सरकारी क्षेत्र का पहला बैंक बना.
- नवंबर 2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार से ग्रीन बांडों के ज़रिए 350 मिलियन यूएस डॉलर की निधियां सफलतापूर्वक जुटाने वाला भारत में सरकारी क्षेत्र का पहला वाणिज्यिक बैंक बना.

ये आपके बैंक द्वारा किए गए कई पहल-कार्यों में से कुछेक हैं. वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में इन पहल-कार्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है.

सतत् एवं लाभप्रद वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आईडीबीआई बैंक का रूपांतरण

बदलते परिचालन परिदृश्य के अनुरूप आपका बैंक यह सुनिश्चित करता है कि आपके बैंक के रणनीतिक पहल-कार्यों को आवधिक रूप से नया रूप दिया जाए ताकि यह अपने प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में शीर्ष पर बना रहे. इस दिशा में आपके बैंक ने एक रूपांतरण योजना की परिकल्पना की है जिसमें मार्च 2019 के अंत तक ₹ 10 लाख करोड़ के कारोबार का लक्ष्य रखा गया है. इसके अलावा आपके बैंक ने कासा जमा राशियों में और वृद्धि, रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों का हिस्सा बढ़ाकर संतुलित पोर्टफोलियो संमिश्र, उच्चतर निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम), आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) में सुधार, उन्नत आस्ति गुणवत्ता और पर्याप्त पूंजी की परिकल्पना की है. आपके बैंक की व्यापक रूपांतरण प्रक्रिया पाँच स्तंभों अर्थात् कारोबार, लोग, प्रक्रियाएं, प्रौद्योगिकी तथा पूंजी प्रबंधन पर आधारित है. इसका अंतिम उद्देश्य सतत् एवं लाभप्रद वृद्धि सुनिश्चित करते हुए सभी अंशधारकों के लिए मूल्यवर्धन करना है. हालांकि आपका बैंक देश में विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष 50 ब्रांडों में पहले से ही स्थान रखता है, रूपांतरण प्रक्रिया से इस ब्रांड को और मजबूती मिलेगी.

- Celebrated Farmers' Day on December 23, 2015 by organising *'Kisan Sangosthis'* across India.
- G-Sec Investment Facility through ATM for retail investors which is an extension of its Samriddhi G-Sec portal.
- eCallMoney - a module under e-Treasury – as an online platform wherein branches can book Call/ Notice/ Term money on behalf of their clients, that is, Co-operative Banks.
- An online system for booking of FX rates for retail/ small value transactions for non-trade Telegraphic Transfer (TT) remittances (inward and outward) under the e-Treasury Platform.
- Became the first Public Sector Bank to open its IFSC Banking Unit (IBU) at India's first and only International Financial Services Centre (IFSC) at Gujarat International Finance Tec-City (GIFT) on May 06, 2016.
- Became the first public sector commercial bank in India to have successfully raised funds to the tune of US$ 350 million by way of Green Bonds from international market during November 2015.

These are but a few of the many initiatives taken by your Bank. The Management Discussion and Analysis section of the Annual Report covers these initiatives in greater detail.

Transforming IDBI Bank to Ensure Sustainable and Profitable Growth

In tandem with evolving operating environment, your Bank ensures its strategic initiatives are periodically revamped to be at the top of its game. Towards this end, your Bank has envisaged a transformation plan that targets growth in business to ₹10 lakh crore by end-March 2019. Apart from this, your Bank has envisioned further increase in CASA deposits, balanced portfolio mix by increasing share of retail and PSL, higher Net Interest Margin (NIM), improved Return on Assets (RoA) and Return on Equity (RoE), improved asset quality and adequate capital. The comprehensive transformational process of your Bank is based on five pillars viz. Business, People, Processes, Technology and Capital Management. The ultimate aim is to enhance the value for all stakeholders by ensuring sustainable and profitable growth. While your Bank already ranks among the top 50 brands across sectors in the country, the transformation process will further strengthen the brand.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Managing Director & CEO's Message

आगे की राह

जैसाकि पहले ही उल्लेख किया गया है, आपका बैंक 3 वर्ष की अवधि में अर्थात् वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2018-19 तक एक रणनीतिक कारोबार रूपांतरण प्रक्रिया अपनाएगा जिससे इसे ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण, उत्पाद नवोन्मेषण, आक्रामक मार्केटिंग, कौशल विकास तथा श्रम शक्ति में व्यावसायिकता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी वृद्धि संभाव्यता को बनाए रखने और निर्मित करने में सहायता मिलेगी. विगत वर्षों में आपका बैंक हर भारतीय के लिए आवश्यकतानुरूप तथा व्यापक बेहतरीन वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए लोगों के जीवन से सफलतापूर्वक जुड़ा है. आपके बैंक की सर्वव्यापकता तथा युवापन ने न केवल बदलते भारत की जरूरतों को प्रतिबिम्बित किया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में योगदान देने में भी उत्प्रेरक रहा है. इस दिशा में आपके बैंक की रूपांतरण योजना में ऐसे तत्वों को भी समाहित किया गया है जो हरेक तथा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को रूपांतरित करने और फलस्वरूप समावेशी तथा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की रूपांतरण प्रक्रिया को और गति प्रदान करने में सहायक होंगे. ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यकतानुरूप तैयार किए गए नए उत्पाद तथा सेवाएं पेश करते हुए आपका बैंक अपने सभी अंशधारकों, बड़े पैमाने पर समुदाय और समग्र रूप में देश को लाभ पहुंचाना चाहता है. विभिन्न ग्राहक खंडों को वित्तीय तथा गैर-वित्तीय दोनों प्रकार की सहायता प्रदान कर आपके बैंक ने भारत की जनता को सामाजिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए और इस प्रकार उनके जीवन को रूपांतरित करते हुए उनके कल्याण के लिए असीम योगदान दिया है.

आपके बैंक की पेशकशों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर इसके रणनीतिक पहल-कार्यों में उपयुक्त रूप से सहायता दी जाएगी, इससे खासकर बैंक सुविधा रहित क्षेत्रों तक पहुँच बढ़ेगी और बदले में वित्तीय सुविधाओं के वंचन संबंधी मुद्दे पर अधिक ध्यान जाएगा. प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अलावा, आपका बैंक मौजूदा खंडों (सेगमेंटों) के अलावा उभरते, लाभप्रद खंडों को प्राप्त करने के उद्देश्य से अपने शाखा एवं एटीएम नेटवर्क तथा सुव्यवस्थित संगठनात्मक संरचना को रणनीतिक रूप से विस्तारित करने और श्रम शक्ति को आवश्यक कौशल सेट से सुसज्जित करने जैसे आवश्यक समर्थकारक विकसित करने की प्रक्रिया में है.

आपके बैंक ने रणनीतिक हस्तक्षेप की दृष्टि से पहले ही एक मजबूत नींव डाल दी है और अपने समर्पित कर्मचारियों की सहायता से तथा अच्छे कॉरपोरेट अभिशासन के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान अधिक उच्चतर वृद्धि प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है.

Way Forward

As stated earlier, your Bank will pursue a strategic business transformation plan in three-year period, i.e. FY 2016-17 till FY2018-19, which would allow it to sustain and build its growth potential by focusing on customer-centric approach, product innovation, aggressive marketing, skill development and institutionalising professionalism among the workforce. Your Bank, over the years, has been successfully touching lives by relentlessly striving to provide customised and comprehensive best-in-class financial solutions for every Indian. Your Bank's universality and youthfulness has not only mirrored the needs of changing India but has also been catalytic in contributing towards economic development of the country. Towards this end, your Bank's transformation plan has also woven in elements that would help in transforming the lives of each and every individual and consequently, provide an added impetus to the transformation process of India as an inclusive and rapidly growing economy. By introducing new products and services, which are aligned and customised to cater to emerging customer needs, your Bank aims at benefitting all its stakeholders, the community at large and the country as a whole. By extending its assistance, both financial and non-financial, to varied customer segments, your Bank has contributed immensely towards the welfare of people of India by empowering them socio-economically and thereby, transforming their lives.

The strategic initiatives of your Bank will be ably supported by increasing digitisation across its offerings which would enhance accessibility, especially in the unbanked areas which, in turn, would address the issue of financial exclusion. Apart from leveraging technology, your Bank is in the process of developing the necessary enablers such as strategically expanding its branch and ATM network, granular organisation structure and equipping workforce with necessary skills sets in order to tap the emerging, profitable segments, in addition to the existing ones.

Your Bank has already laid a strong foundation in terms of strategic interventions and is poised to achieve much higher growth during FY2016-17 with support of its dedicated workforce and good corporate governance.

आभार

मैं विभिन्न अवसरों पर मिले समर्थन और सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूँ जिनसे वर्ष के दौरान आए उतार-चढ़ावों के बीच आपके बैंक को संचालित करने में मुझे सहायता मिली है. मैं सभी अंशधारकों, अर्थात् भारत सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों, भारतीय रिज़र्व बैंक, अन्य सभी सांविधिक एवं विनियामक प्राधिकरणों, अन्य बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, बहुपक्षीय संस्थाओं को उनके सतत् सामयिक सहयोग एवं समर्थन और साथ ही मूल्यवान मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जिनसे बैंक को वांछित दिशा में ले जाने में मुझे सहायता मिली है. मैं बैंक के ग्राहकों के प्रति, जिनके सतत् विश्वास से हमें वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिली है; बैंक के निदेशक मंडल के प्रति उनकी सेवाओं के लिए और साथ ही उनके निरंतर परामर्श और सहयोग के लिए और साथ ही कार्य के प्रति समर्पित एवं उत्साही बैंक के कर्मचारियों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ. अंत में, मैं आप सभी के विश्वास और निष्ठा के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूँगा जिसकी वजह से बैंक की प्रगति में सहायता मिली है. मैं आपसे सतत् मार्गदर्शन और सहायता की आकांक्षा करता हूँ ताकि हम साथ मिलकर बैंक को एक नई ऊंचाई तक पहुंचा सकें और सभी अंशधारकों का मूल्यवर्धन कर सकें.

आपको और आपके परिजनों को शुभकामनाओं सहित,

किशोर खरात

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ.

Acknowledgements

I am profoundly grateful for support and co-operation exhibited at various quarters that enabled me to steer your Bank through highs and lows evidenced during the year. I would like to thank all the stakeholders, viz. the Government of India, various State Governments, the RBI, all other statutory and regulatory authorities, other banks, financial institutions and multilateral institutions for their continued timely support and co-operation as well as valuable guidance which helped me to steer the Bank towards a desired direction. I would also like to express my gratitude to the Bank's customers for their continued trust in us for helping them achieve financial well-being; to the Bank's Board of Directors for their service as well as for their continuing counsel and support as well as to the Bank's employees who are committed and enthusiastic about their work. Last, but not the least, I would like to express my gratitude to you for the confidence and belief you have shown that has enabled the Bank to progress thus far. I solicit your continued guidance and support so that we can together propel the Bank to a new high and maximise value for all stakeholders.

With best wishes to you and your families,

Kishor Kharat

Managing Director & CEO

> ''परिवर्तनों के साथ स्वयं को बेहतर ढंग से ढाल लेने वाला व्यक्ति ही टिक सकेगा, न कि सर्वाधिक शक्तिशाली या बुद्धिमान.''
>
> **-चार्ल्स डार्विन**

> "It is not the strongest or the most intelligent who will survive but those who can best manage change."
>
> **– Charles Darwin**

कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events

14 सितंबर 2015 को भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के कर कमलों से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करते हुए आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात

Shri Kishor Kharat, MD & CEO, IDBI Bank receiving Rajbhasha Kirti Puraskar from Hon'ble President of India Shri Pranab Mukherjee on September 14, 2015

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 18 सितंबर 2015 को वाराणसी में आईडीबीआई बैंक के वित्तीय समावेशन पहल-कार्य का शुभारंभ किया. इस अवसर पर एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात उपस्थित थे

Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi flagged off a Financial Inclusion initiative by IDBI Bank at Varanasi on September 18, 2015. Shri Kishor Kharat, MD & CEO was present during the occasion



माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली को लाभांश चेक प्रस्तुत करते हुए एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात तथा उप प्रबंध निदेशक श्री बी.के. बत्रा

Shri Kishor Kharat, MD & CEO, and Shri B. K. Batra, DMD, presenting the dividend cheque to Shri Arun Jaitley, Hon'ble Finance Minister

आईडीबीआई बैंक के 52वें स्थापना दिवस समारोह में श्रोताओं को संबोधित करते हुए माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु

Shri Suresh Prabhakar Prabhu, Hon'ble Minister for Railways, addressing the audience at IDBI Bank's 52nd Foundation Day celebrations

आईडीबीआई बैंक को माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा से बड़े बैंक वर्ग तथा सरकारी योजनाओं की श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के लिए ऐसोचैम पुरस्कार 2015 प्राप्त हुआ

IDBI Bank received the ASSOCHAM Award 2015 for Financial Inclusion under Large Bank class and Government Schemes category from Hon'ble MoS for Finance, Shri Jayant Sinha

आईडीबीआई बैंक को रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्राप्त हुई. रिज़र्व बैंक गवर्नर डॉ. रघुराम जी. राजन से शील्ड प्राप्त करते हुए आईडीबीआई बैंक लि. के कार्यपालक निदेशक श्री के.पी. नायर तथा तत्कालीन महाप्रबंधक डॉ. सुनील कुमार लाहोटी

IDBI Bank bags RBI Rajbhasha Shield. Receiving the Shield from RBI Governor Dr. Raghuram G. Rajan are Shri K. P. Nair, ED, and Dr. Sunil Kumar Lahoti, the then GM, IDBI Bank Ltd.

4 मई 2016 को आईडीबीआई बैंक के प्रधान कार्यालय में विप्रो लिमिटेड के अध्यक्ष श्री अज़ीम एच. प्रेमजी के साथ एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात तथा उप प्रबंध निदेशक श्री बी.के. बत्रा

Shri Kishor Kharat, MD & CEO and Shri B.K. Batra, DMD with Shri Azim H. Premji, Chairman of Wipro Limited at IDBI Bank's Head Office on May 04, 2016

हरियाणा के हिसार जिले में बैंक की गुराना शाखा का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. बंसल. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री अजय शर्मा तथा बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे

Shri R. K. Bansal, ED, inaugurating the Bank's Gurana Branch at District Hisar in Haryana. Shri Ajay Sharma, CGM and other officers of the Bank were also present on the occasion

कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए

Paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on his 59th Death Anniversary

जेएनआईबीएफ, हैदराबाद में 12 एवं 13 दिसंबर 2015 को आयोजित कारोबार समीक्षा एवं रणनीति बैठक

Business Review & Strategy Meet held at JNIBF, Hyderabad on December 12 & 13, 2015

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में आईडीबीआई बैंक के उत्कृष्ट कार्यों के लिए लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन से लॉयन्स सीएसआर प्रीशियस अवार्ड 2016 प्राप्त करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री विनय कुमार

Shri Viney Kumar, ED, receiving the Lions CSR Precious Award 2016 from Lions Clubs International Foundation for IDBI Bank's exemplary work in the field of social service

रिटेल निवेशकों के लिए एटीएम के ज़रिए अपने किस्म की पहली जी-सेक निवेश सुविधा का उद्घाटन करते हुए निदेशक श्री निनाद कर्पे. साथ ही बैंक के एमडी एवं सीईओ तथा अन्य निदेशक उपस्थित थे

Shri Ninad Karpe, Director, along with MD & CEO and other Directors of the Bank inaugurating the nation's first of its kind G-Sec investment facility through ATM for Retail Investors

बैंक को भारतीय बैंक संघ के बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार की चार श्रेणियों में रनर-अप पुरस्कार प्राप्त हुए. इन श्रेणियों में ग्राहक अनुभव में वृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम प्रयोग, डिजिटल एवं चैनल टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम प्रयोग, धोखाधड़ी एवं जोखिम के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम पहलकार्य और वर्ष का श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक शामिल हैं

The Bank won runner up awards in 4 categories at the IBA's Banking Technology Awards. These categories included Best Use of Technology to Enhance Customer Experience, Best Use of Digital & Channels Technology, Best Fraud and Risk Management Initiatives and Best Technology Bank of the Year

1 फरवरी 2016 को नई दिल्ली में आयोजित ग्राहक संगोष्ठी

Customer Meet held at New Delhi on February 01, 2016

अहमदाबाद में 'किसान संगोष्ठी' में एक किसान को ऋण मंजूरी पत्र प्रदान करते हुए एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात

Shri Kishor Kharat, MD & CEO, handing over sanction letter to a farmer at the Kisan Sangoshti in Ahmedabad

नागपुर में अंचल कार्यालय का उद्घाटन

Inauguration of Zonal Office at Nagpur

कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events

आईडीबीआई टॉवर, मुंबई में कर्मचारियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यशाला

International Yoga Day Workshop for employees at IDBI Tower, Mumbai

जेएनआईबीएफ कैंपस, हैदराबाद में कॉल सेंटर के लिए बीसीपी सुविधा एवं सीसीयू का उद्घाटन

Inauguration of BCP facility for Call Centre & CCU at JNIBF campus, Hyderabad

पुणे में एक सहायता-प्राप्त सूक्ष्म उद्यम का उद्घाटन करते हुए एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात

Shri Kishor Kharat, MD & CEO, inaugurating an assisted Micro Enterprise at Pune.

आईडीबीआई बैंक तथा महिला आर्थिक विकास महामंडल (एमएवीआईएम) के बीच 15 दिसंबर 2015 को एक सहमति ज्ञापन हुआ. इस ज्ञापन पर श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन, कार्यपालक निदेशक और सुश्री कुसुम बालसराफ, प्रबंध निदेशक, एमएवीआईएम द्वारा हस्ताक्षर किए गए.

IDBI Bank and Mahila Arthik Vikas Mahamandal (MAVIM) entered into a MoU on December 15, 2015. The Memorandum was signed by Shri S.K.V. Srinivasan, ED and Ms. Kusum Balsaraf, MD of MAVIM

चेन्नै में 26 फरवरी 2016 को टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एमडी एवं सीईओ श्री किशोर खरात, उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा, कार्यपालक निदेशक श्री एस. के. वी. श्रीनिवासन, मुमप्र श्री रबिनारायण पांडा और मुमप्र श्री वी. नारायणमूर्ति उपस्थित थे

A Town Hall Meet was organised on February 26, 2016 in Chennai, which was attended by Shri Kishor Kharat, MD & CEO, Shri B. K. Batra, DMD, Shri S. K. V. Srinivasan, ED, Shri Rabinarayan Panda, CGM and Shri V. Narayanamurthy, CGM

आईडीबीआई बैंक ने 14 अप्रैल 2016 को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर पूरे भारत में 'स्टैंड अप इंडिया' योजना का शुभारंभ किया

IDBI Bank launched the 'Stand Up India' Scheme on a pan India basis on the occasion of the 125th birth anniversary of Dr. Babasaheb Ambedkar on April 14, 2016

आईडीबीआई बैंक को एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के 55वें वार्षिक पुरस्कार के अंतर्गत चार पुरस्कार प्राप्त हुए. इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री ए.एल. बोंगिरवार

IDBI Bank received 4 awards at the 55th Association of Business Communicators of India (ABCI) Annual Awards. Shri A. L. Bongirwar, ED receiving an award on behalf of the Bank at the Awards

आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन और इस अवसर के उपलक्ष्य में एक विशेष जर्नल का विमोचन

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion

पुरस्कार एवं सम्मान
Awards and Accolades

आईडीबीआई बैंक को वर्तमान वर्ष में सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय समावेशन, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व और ब्रांड निर्माण के क्षेत्र में योगदान के लिए कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए हैं. इनमें से कुछ पुरस्कारों का उल्लेख नीचे किया गया है -

- आईडीबीआई बैंक ने मिलवर्ड ब्राउन की रिपोर्ट ब्रांड जेड के अनुसार भारत के सर्वोत्तम 50 ब्रांडों में 39वां स्थान बनाए रखा है और इसके ब्रांड मूल्य में 28% की वृद्धि हुई है. ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट ने अपनी "ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2016" में आईडीबीआई बैंक को 63वां स्थान दिया है जबकि 2013 में इसने बैंक को 159वां, 2014 में 85वां और 2015 में 64वां स्थान दिया था. रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने दूसरे सबसे विश्वसनीय पीएसयू बैंक के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है.
- बैंक ने 16 फरवरी 2016 को आईबीए के बैंकिंग टेक्नोलॉजी पुरस्कार की चार श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए हैं. इन श्रेणियों में ग्राहक के अनुभव में बढ़ोतरी के लिए टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम प्रयोग, डिजिटल एवं चैनल टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम प्रयोग, धोखाधड़ी एवं जोखिम के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम पहल-कार्य और वर्ष का श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक की श्रेणी शामिल है. साथ ही बैंक को 42वें स्कॉच समिट के दौरान 'स्कॉच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट' से सम्मानित किया गया है और हाल ही में आरंभ किए गए अपने मोबाइल एप्लिकेशन "अभय कार्ड ऐप" के लिए एंटरप्राइज़ मोबिलिटी श्रेणी के तहत नेट ऐप इनोवेशन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है.
- बैंक को बड़े बैंक और सरकारी योजनाओं की श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिष्ठित एसोचैम पुरस्कार 2015 प्राप्त हुआ है. हरित पहल को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के एक भाग के रूप में अपने उत्पाद सूर्य शक्ति के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बैंक द्वारा उठाए गए कदमों की पंजाब सोलर समिट में भी प्रशंसा की गई थी.
		21.08.2015- खरीद	556000	0.03	3086335	0.19
		28.08.2015- बिक्री	1772000	0.11	1314335	0.08
		04.09.2015- बिक्री	309958	0.02	1004377	0.06
		11.09.2015- बिक्री	484000	0.03	520377	0.03
		18.09.2015- खरीद	192000	0.01	712377	0.04
		25.09.2015- बिक्री	464000	0.03	24877	0.02
		30.09.2015- खरीद	500000	0.03	748377	0.05
		02.10.2015- बिक्री	484000	0.03	264377	0.02
		09.10.2015- खरीद	872000	0.05	1136377	0.07
		16.10.2015- खरीद	728000	0.05	1864377	0.12
		23.10.2015- खरीद	920400	0.06	2784777	0.17
		30.10.2015- खरीद	80100	0.00	2864877	0.18
		06.11.2015- बिक्री	1032000	0.06	1832877	0.11
		13.11.2015- खरीद	368000	0.02	2200877	0.14
		20.11.2015- खरीद	952000	0.06	3152877	0.20
		27.11.2015- खरीद	40000	0.00	3192877	0.20
		04.12.2015- बिक्री	2512000	0.16	680877	0.04
		11.12.2015- बिक्री	16000	0.00	664877	0.04
		18.12.2015- बिक्री	112000	0.01	552877	0.03
		25.12.2015- बिक्री	544000	0.03	8877	0.00
		31.12.2015- खरीद	440000	0.02	448877	0.02
		01.01.2016- बिक्री	264000	0.01	184877	0.01
		08.01.2016- बिक्री	168000	0.01	16877	0.00
		15.01.2016- बिक्री	16000	0.00	877	0.00
		25.03.2016- खरीद	24000	0.00	24877	0.00
		31.03.2016- बिक्री	8000	0.00	16877	0.00
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	16877	0.00

क्र. सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
9	आशीष रमेश कुमार गोयनका	वर्ष के आरंभ में	4813753	0.30	4813753	0.30
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		05.02.2016- बिक्री	375000	0.02	4438753	0.23
		11.03.2016- खरीद	780000	0.04	5218753	0.25
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	5218753	0.25
10	स्विस फाइनेंस कॉरपोरेशन (मॉरिशस) लि.	वर्ष के आरंभ में	4503716	0.28	4503716	0.28
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		24.04.2015- बिक्री	4000	0.00	4499716	0.28
		08.05.2015- बिक्री	632000	0.04	3867716	0.24
		15.05.2015- बिक्री	344000	0.02	3523716	0.22
		22.05.2015- बिक्री	48000	0.00	3475716	0.22
		29.05.2015- बिक्री	32000	0.00	3443716	0.21
		05.06.2015- बिक्री	60000	0.00	3383716	0.21
		12.06.2015- बिक्री	60000	0.00	3323716	0.21
		19.06.2015- बिक्री	20000	0.00	3303716	0.21
		26.06.2015- खरीद	112000	0.01	3415716	0.21
		10.07.2015- बिक्री	36000	0.00	3379716	0.21
		24.07.2015- खरीद	4000	0.00	3383716	0.21
		31.07.2015- बिक्री	200000	0.01	3183716	0.20
		07.08.2015- खरीद	24000	0.00	3207716	0.20
		14.08.2015- बिक्री	8000	0.00	3199716	0.20
		21.08.2015- खरीद	16000	0.00	3215716	0.20
		28.08.2015- बिक्री	40667	0.00	3175049	0.20
		04.09.2015- बिक्री	1032000	0.06	2143049	0.13
		11.09.2015- बिक्री	312000	0.02	1831049	0.11
		18.09.2015- खरीद	12000	0.00	1843049	0.11
		25.09.2015- बिक्री	132000	0.01	1711049	0.11
		30.09.2015- बिक्री	76000	0.00	1635049	0.10
		16.10.2015- खरीद	78457	0.00	1713506	0.11
		23.10.2015- खरीद	200000	0.01	1913506	0.12
		13.11.2015- बिक्री	13790	0.00	1899716	0.12
		18.12.2015- बिक्री	16000	0.0	1883716	0.12
		25.12.2015- बिक्री	1840000	0.11	43716	0.00
		15.01.2016- बिक्री	40000	0.00	3716	0.00
		25.03.2016- खरीद	72000	0.00	75716	0.00
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	75716	0.00

(v) निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता :

क्र. सं.			वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
निदेशक						
1.	श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ [14.08.2015 से] (डीआईएन - 07266945)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
2.	श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक [30 जून 2015 तक] (डीआईएन - 05236790)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
3.	श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 00015732)	वर्ष के आरंभ में	1,001	0	1,001	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	1,001	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	1,001	0	1,001	0
4.	श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक [13.08.2015 तक] (डीआईएन - 00292670)	वर्ष के आरंभ में	460	0	460	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	460	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	460	0	460	0
5.	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव (डीआईएन - 06478173)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
6.	श्री पी.एस. शेनॉय, स्वतंत्र निदेशक [29.07.2015 तक] (डीआईएन - 00108547)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0

क्र. सं.			वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
7.	श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00009790)	वर्ष के आरंभ में	200	0	200	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	200	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	200	0	200	0
8.	श्री निनाद कर्पे, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00030971)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
9.	श्री पंकज वत्स, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 06712380)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
10.	श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक [28.08.15 से] (डीआईएन - 00603925)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक						
1.	श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ सदस्यता सं : A024088	वर्ष के आरंभ में	160	0	160	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	160	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	160	0	160	0
2.	श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव सदस्यता सं. F7744	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0

V. ऋणग्रस्तता

बकाया/ उपचित किंतु भुगतान के लिए देय नहीं ब्याज सहित बैंक की ऋणग्रस्तता

(₹ '000 में)

	जमाराशियों को छोड़कर जमानती ऋण	गैर-जमानती ऋण	जमाराशियां	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	10560 38 68	54539 26 92	259835 97 39	3249356299
ii. देय किंतु अप्रदत्त ब्याज	0	0	0	0
iii. उपचित किंतु देय नहीं ब्याज	2385 30 32	1019 57 35	869 57 26	42744493
कुल (i+ii+iii)	**12945 69 00**	**55558 84 27**	**260705 54 65**	**329210 07 92**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
• वृद्धि	4710 06 64	-	5545 53 89	10255 60 53
• कमी	-	(1507 86 09)	-	(1507 8609)
निवल परिवर्तन	**4710 06 64**	**(1507 86 09)**	**5545 53 89**	**8747 74 44**
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	17527 46 46	53064 17 80	265719 83 13	336311 47 39
ii. देय किंतु अप्रदत्त ब्याज	0	0	0	0
iii. उपचित किंतु देय नहीं ब्याज	128 29 18	986 80 39	531 25 40	16463497
कुल (i+ii+iii)	**17655 75 64**	**54050 98 19**	**266251 08 53**	**337957 82 36**

VI. निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

अ) प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों और/ या प्रबंधक को पारिश्रमिक :

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक/ पूर्णकालिक निदेशक का नाम				कुल राशि (₹)
		श्री किशोर खरात [14 अगस्त 2015 से]	श्री एम. एस. राघवन [30 जून 2015 तक]	श्री बी.के. बत्रा	श्री एम.ओ. रेगो [13 अगस्त 2015 तक]	
1.	**सकल वेतन** (क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	12,89,103.00	6,65,406.00	18,80,702.00	8,58,021.00	46,93,232.00
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	1,36,386.00	36,000.00	1,73,268.00	41,376.00	3,87,030.00
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	-	-	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-	-
3.	स्वेद इक्विटी	-	-	-	-	-
4.	कमीशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-
5.	अन्य, निर्दिष्ट करें [साधारण छुट्टी का नकदीकरण]	-	5,22,560.00	-	-	5,22,560.00
6.	छुट्टी किराया रियायत	-	-	1,65,162.00	-	1,65,162.00
	कुल (अ)	**14,25,489.00**	**12,23,966.00**	**22,19,132.00**	**8,99,397.00**	**57,67,984.00**
	अधिनियम के अनुसार उच्चतम सीमा	-	-	-	-	-

आ) अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक :

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों के नाम					कुल राशि (₹)
	स्वतंत्र निदेशक	**श्री पी.एस. शेनॉय**	**श्री एस. रवि**	**श्री निनाद कर्पे**	**श्री पंकज वत्स**	**श्री ज्ञान प्रकाश जोशी**	
	• बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए फीस	2,15,000	11,50,000	9,30,000	6,35,000	3,70,000	33,00,000
	• कमीशन	-	-	-	-	-	-
	• अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-	-
	कुल (1)	**2,15,000**	**11,50,000**	**9,30,000**	**6,35,000**	**3,70,000**	**33,00,000**
	अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक	**सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव**					
	• बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	-	-	-	-	-	-
	• कमीशन	-	-	-	-	-	-
	• अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-	-
	कुल (2)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	कुल (आ)= (1+2)	**2,15,000**	**11,50,000**	**9,30,000**	**6,35,000**	**3,70,000**	**33,00,000**
	समग्र प्रबंधकीय पारिश्रमिक	**57,67,984.00**					
	अधिनियम के अनुसार कुल उच्चतम सीमा[1]						

[1] स्वतंत्र निदेशकों को केवल बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है. सभी गैर-कार्यपालक/ स्वतंत्र निदेशक बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति के पात्र हैं. वित्तीय वर्ष 2015-16 में पारिश्रमिक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित सीमा के भीतर हैं.

इ) प्रबंध निदेशक/ प्रबंधक/ पूर्णकालिक निदेशक के अलावा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक		कुल राशि (₹)
		श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ	**श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव**	
1.	सकल वेतन			
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	21,80,779.48	18,97,690.07	40,78,469.55
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	4,69,717.03	6,85,013.11	11,54,730.14
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-
3.	स्वेद इक्विटी	-	-	-
4.	कमीशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-
5.	अन्य, निर्दिष्ट करें- साधारण छुट्टी का नकदीकरण	96,686.00	77,458.00	1,74,144.00
	छुट्टी किराया रियायत	75,000.00	50,000.00	1,25,000.00
	कुल	**28,22,182.51**	**27,10,161.18**	**55,32,343.69**

VII. जुर्माना/दंड/ शमनीय अपराध :

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए जुर्मानि/ दंड/ शमनीय शुल्क के विवरण	प्राधिकारी [आरडी/एनसीएलटी/ कोर्ट]	की गई अपील, यदि कोई हो
अ) कंपनी - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		
आ) निदेशक					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		
इ) चूक में अन्य अधिकारी					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा की गई घोषणा पर प्रकथन

आईडीबीआई बैंक लि. के स्वतंत्र निदेशकों श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री पंकज वत्स और श्री ज्ञान प्रकाश जोशी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार 1 अप्रैल 2016 को घोषणा की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में उल्लेखित स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और निदेशक मंडल द्वारा 29 अप्रैल 2016 को इसे नोट किया गया.

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी की नीति

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में बैंक की नीति इसकी वेबसाइट (www.idbi.com) पर प्रदर्शित की गई है.

लेखापरीक्षकों अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई प्रत्येक सापेक्षता, पूर्वधारणा अथवा प्रतिकूल अभियुक्ति अथवा दावात्याग पर बोर्ड की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एफ) के अनुसार सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में से किसी में भी कोई ऐसी सापेक्षता, पूर्वधारणा अथवा प्रतिकूल अभियुक्ति अथवा दावात्याग नहीं है जिस पर बोर्ड की टिप्पणियों की आवश्यकता हो.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों के विवरण

बैंकिंग कंपनी होने के कारण ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं हैं.

निर्धारित फॉर्म पर संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार के विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एच) के अनुसार संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार, यदि कोई हो, के विवरण विनिर्दिष्ट फॉर्म एओसी-2 में नीचे दिए गए हैं :

एओसी-2

[अधिनियम की धारा 134 की उप-धारा (3) के खंड (एच) तथा कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में उल्लिखित संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा तृतीय परंतुक के अंतर्गत किए गए कुछ स्वतंत्र संव्यवहार सहित की गई संविदाओं/ करारों, के विवरणों के प्रकटन हेतु फॉर्म

i. स्वतंत्र आधार के न होते हुए की गई संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हों	इस प्रकार की संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार करने का औचित्य	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो	धारा 188 के प्रथम परंतुक की अपेक्षा अनुसार महासभा में विशेष संकल्प पारित होने की तारीख
शून्य								

ii. स्वतंत्र आधार पर महत्वपूर्ण संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हो	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख (खों), यदि कोई हो (हों)	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो
शून्य						

ह./-

किशोर खरात
(डीआईएन - 07266945)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
26 अप्रैल 2016

जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में विवरण

बैंक एक विस्तृत एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली का पालन करता है जिसे भारतीय रिजर्व बैंक के समय-समय पर इस संबंध में जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अद्यतित किया जाता है. बोर्ड की एक समर्पित जोखिम प्रबंधन समिति बासेल III मानदंडों के कार्यान्वयन सहित बैंक के जोखिम से संबंधित पहलुओं की नियमित रूप से समीक्षा करती है. बैंक का निदेशक मंडल भी आवधिक रूप से जोखिम मूल्यांकन तथा बैंक द्वारा अनुसरण की जा रही जोखिम आकलन तथा न्यूनीकरण प्रक्रियाओं और साथ ही बासेल III मानदंडों के अंतर्गत बैंक की पूंजी अपेक्षाओं की समीक्षा करता है.

वर्ष के दौरान सीएसआर नीति तथा उसके कार्यान्वयन संबंधी विवरण

कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली, 2014 के अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित फॉर्मेट में विवरण निम्नानुसार हैं:

सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट

1. **प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों के संक्षिप्त विवरण सहित बैंक की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा तथा सीएसआर नीति एवं परियोजनाओं या कार्यक्रमों के वेब-लिंक का संदर्भ.**

   बैंक की सीएसआर नीति का उद्देश्य समाज के सुविधा वंचित वर्ग के जीवन में महत्वपूर्ण, दृश्य तथा स्थायी बदलाव लाने एवं व्यापक रूप से समाज के कल्याण के लिए निरंतर सकारात्मक योगदान देने की इच्छा से संचालित है. अपने सीएसआर कार्यकलापों के संचालन में बैंक का उद्देश्य एक अच्छे कॉरपोरेट नागरिक और सामाजिक तौर पर जिम्मेदार संस्था के रूप में कार्य करना, समाज में व्याप्त विभेदों की पहचान करना और

समाज की बेहतरी के लिए आवश्यकता आधारित अंशदान देना, बहुआयामी प्रभाव वाले विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए अल्पसुविधा प्राप्त समुदायों के टिकाऊ एवं समग्र विकास के लिए अंशदान करना और सक्रिय मध्यस्थता के जरिए सामुदायिक प्रतिष्ठा अर्जित करना है.

बैंक की सीएसआर नीति अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण, पर्यावरणीय स्थायित्व, खेलों के प्रोत्साहन और ग्रामीण विकास परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों की मध्यस्थता करने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है.

बैंक की सीएसआर नीति तथा परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की वेब-लिंक http://www.idbi.com/CSR-Policy.asp है.

2. सीएसआर समिति की संरचना:
सीएसआर समिति की संरचना निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

क्र. सं.	निदेशक	पदनाम
1.	श्री किशोर खरात	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
2.	श्री बी के बत्रा	उप प्रबंध निदेशक
3.	श्री निनाद कर्पे	स्वतंत्र निदेशक
4.	श्री पंकज वत्स	स्वतंत्र निदेशक

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक का औसत निवल लाभ: पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक का औसत निवल लाभ ₹ 720.64 करोड़ रहा है.

4. विनिर्दिष्ट सीएसआर व्यय (उपर्युक्त मद सं. 3 की राशि का दो प्रतिशत): वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए किया जाने वाला सीएसआर व्यय ₹ 14.41 करोड़ है (अर्थात् औसत निवल लाभ का 2%, जो कर घटाकर है परंतु इसमें भारत के बाहर की शाखाओं, चाहे अलग कंपनी के रूप में या अन्यथा परिचालित हों, से उत्पन्न लाभ तथा भारत में अन्य कंपनियों से प्राप्त लाभांश शामिल नहीं होंगे जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों के अंतर्गत शामिल हैं तथा उनके अनुपालन में हैं).

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर व्यय का विवरण :

(क) **वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि:** सीएसआर के तहत वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि ₹ 14.41 करोड़ है.

(ख) **व्यय न की गई राशि, यदि कोई हो:** सीएसआर के तहत व्यय न की गई राशि ₹ 4.97 करोड़ थी.

(ग) **वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:**

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय		
1	अन्य कार्यकलापों के साथ-साथ सामुदायिक व्यवस्थाओं और क्षमता निर्माण को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए समुदाय सहभागिता और स्वामित्व मॉडल के आधार पर तारु गाँव का 'आदर्श ग्राम' के रूप में विकास करना.	ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्त-पोषण	अन्य	लेह, लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर	3,55,00,000	26,16,323	0	3,52,53,427	टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय		
2	भोजन, आवास, कपड़े, किताबें आदि के व्ययों को पूरा करने के लिए निशुल्क छात्रावास को वित्तीय सहायता	शिक्षा तथा आजीविका वर्धन परियोजनाओं को बढ़ावा देना	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	10,50,000	3,15,000	0	10,50,000	एआईएम फॉर सेवा, चेन्नै, तमिलनाडु
3	गरीबों की मोतिया बिंद शल्य चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य सुविधा तथा गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	चेन्नै, तमिलनाडु	12,50,000	3,12,500	0	12,50,000	शंकर नेत्रालय, चेन्नै, तमिलनाडु
4	नामची में डिजाइनर मोमबत्ती तथा अन्य स्थानीय हस्त-शिल्प वस्तुओं की मार्केटिंग के लिए एक शोरूम की स्थापना और शुरुआती अवधि हेतु परिचालन लागत के लिए सहायता हेतु वित्तीय सहयोग.	शिक्षा तथा आजीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	दक्षिण सिक्किम, सिक्किम	16,90,000	4,80,000	0	10,10,000	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम, गुवाहाटी, असम
5	चुनिंदा 400 ग्रामीण विद्यालयों में पानी, सैनिटेशन और स्वच्छता (वाश) सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय सहायता	i) ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण ii) स्वास्थ्य सुविधा तथा गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	लातूर, महाराष्ट्र और मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश	2,67,04,545	1,30,68,182	0	2,67,04,545	यूनिसेफ, नई दिल्ली
6	दारूथेंगा में ग्रामीण युवा केंद्र के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता.	i) शिक्षा तथा आजीविका वर्धन को बढ़ावा देना ii) ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण	अन्य	खुर्दा, ओड़िशा	22,51,170	6,88,378	0	22,51,170	साई आनंदम ट्रस्ट, भुवनेश्वर, ओड़िशा
7	चुनिंदा गाँवों में जलवायु दक्ष जल प्रबंधन परियोजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय सहायता.	पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करना	अन्य	कांचीपुरम, तमिलनाडु	14,25,000	7,12,500	0	14,25,000	सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स फॉर चेंज, चेन्नै, तमिलनाडु
8	अशक्त व्यक्तियों के लिए टिकाऊ रोजगार अवसरों के सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई उनकी "कागजी लिफाफा निर्माण परियोजना" हेतु पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता.	शिक्षा तथा आजीविका वर्धन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	4,75,000	2,37,500	0	4,75,000	नेशनल असोसिएशन ऑफ डिसेबल्ड एंटरप्राइजेज, मुंबई, महाराष्ट्र
9	आमकोटा गाँव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना.	ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण	अन्य	मोरीगाँव, असम	35,55,200	10,58,000	0	26,15,050	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, गुवाहाटी, असम
10	इसाबेला थोबर्न कॉलेज में रेनवाटर हार्वेस्टिंग परियोजना के लिए वित्तीय सहायता.	पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करना	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	7,69,000	3,84,500	0	7,69,000	इन्टरनेशनल अकैडमी ऑफ एनवायरनमेंटल हेल्थ एंड पब्लिक सैनिटेशन, नई दिल्ली

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय		
11	टेरी के 'लाइटिंग ए बिलियन लाइव्स' कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता जिसके तहत चार राज्यों के चुनिंदा 5000 घरों को सोलर लायटिंग सिस्टम उपलब्ध कराये गए.	i) पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करना ii) ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण	अन्य	उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, बिहार और झारखंड के विभिन्न जिले	2,52,72,500	1,76,90,750	0	2,27,45,250	दि एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
12	समूचे भारत में आईडीबीआई बैंक की शाखाओं के निकट स्थित ग्रामीण विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता तथा स्वच्छ भारत कोष में अंशदान.	i) ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण ii)स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	विभिन्न राज्यों के अलग-अलग जिलों में	8,60,22,146*	1,71,44,378	0	8,60,22,146	प्रत्यक्ष सहायता
13	ठाणे, कल्याण और भिवंडी के आसपास के क्षेत्रों में आजीविका एवं व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय सहायता.	शिक्षा तथा आजीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	ठाणे, महाराष्ट्र	15,00,000	7,50,000	0	15,00,000	उरीवि विक्रम चैरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली
14	दो गाँवों यथा- वाराणसी जिले के सुजाबाद और चंदौली जिले के भभौरा में सीएसआर कार्यकलाप.	ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्तपोषण	अन्य	वाराणसी और चंदौली, उत्तर प्रदेश	3,00,00,000	2,00,00,000	0	2,00,00,000	केंद्रीय लोक कार्य विभाग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
15	दवा रोधी टीबी मरीजों को पोषक आहार उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय सहायता.	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	47,16,343*	47,16,343	0	47,16,343	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुंबई, महाराष्ट्र
16	सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत करनाली पंचायत के चार गाँवों में कौशल विकास कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता.	शिक्षा तथा आजीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	वड़ोदरा, गुजरात	60,75,000	9,95,436	0	9,95,436	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात
17	भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध में शहीद सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए भारत सरकार द्वारा गठित सशस्त्र सैन्य बल फ्लैग दिवस निधि में अंशदान.	सशस्त्र सैन्य बल के सेवा-निवृत्त सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी उपाय	अन्य	अखिल भारत	25,00,000	25,00,000	0	25,00,000	प्रत्यक्ष सहायता
18	राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत कोष-तमिलनाडु में अंशदान.	अन्य (आपदा राहत)	अन्य	तमिलनाडु	1,00,00,000	1,00,00,000	0	1,00,00,000	प्रत्यक्ष सहायता
19	एंबुलेंस वैन की खरीद के लिए वित्तीय सहायता.	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	पटना, बिहार	4,35,000	4,35,000	0	4,35,000	ग्रामीण स्नेह फ़ाउंडेशन, पटना, बिहार
20	बहुउद्देशीय उपयोग के लिए वैन की खरीद हेतु वित्तीय सहायता.	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	औरंगाबाद, महाराष्ट्र	3,40,000	3,40,000	0	3,40,000	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, औरंगाबाद, महाराष्ट्र
कुल					**24,15,30,904**	**9,44,44,790**		**22,20,57,367**	

* निरसन घटाने के बाद निवल राशि

† कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी का पंजीकृत कार्यालय पता

6. यदि बैंक विगत तीन वित्तीय वर्षों के औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत या उसके किसी भाग को व्यय करने में असफल रहता है तो कंपनी को अपने बोर्ड की रिपोर्ट में राशि व्यय न करने के कारण बताने होंगे.

कंपनी अधिनियम, 2013 में दिए गए विस्तृत दिशानिर्देशों के अनुरूप आईडीबीआई बैंक अपनी अधिकांश सीएसआर गतिविधियों को परियोजना/कार्यक्रम के रूप में संचालित करता रहा है. मंजूर कार्यक्रमों के चरणबद्ध कार्यान्वयन के चलते कुछ मामलों में व्यय के लिए वास्तविक राशि परवर्ती वर्षों में खर्च करनी पड़ती है. पिछले वर्ष की ऐसी मंजूरियों में से कुछ मामलों में वर्ष 2015-16 के दौरान (i) परियोजना के लिए सरकारी निधीयन (₹ 3.53 करोड़ का संवितरण रद्द किया गया), (ii) परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब (₹ 1.04 करोड़ का संवितरण स्थगित किया गया), (iii) दस्तावेजों की प्रस्तुति में विलंब (₹ 0.33 करोड़ का संवितरण स्थगित किया गया), और (iv) मंजूर राशि की तुलना में कम राशि में परियोजना का पूरा कर लिया जाना (₹ 0.40 करोड़ की बचत की गई) जैसे विभिन्न कारकों के कारण संवितरण नहीं किए जा सके हैं. इसके अलावा, मार्च 2016 में मंजूर कुल ₹ 1.79 करोड़ राशि की दो परियोजनाओं के मामले में रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान संवितरण नहीं किया जा सका है.

उपर्युक्त कारणों के चलते बैंक ₹ 9.44 करोड़ की राशि खर्च कर पाया है जो ₹ 14.41 करोड़ के बजट व्यय का लगभग 65.51% है.

7. सीएसआर समिति का दायित्व कथन कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों एवं नीति के अनुपालन में है.

आईडीबीआई बैंक की सीएसआर समिति घोषित करती है कि सीएसआर नीति और इसका कार्यान्वयन तथा निगरानी अक्षरशः कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों के अनुपालन में है.

ह./-
किशोर खरात
(डीआईएन - 07266945)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
27 मई 2016

बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके की सूचना का विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) स्वतंत्र निदेशकों की समिति ने दिनांक 15 मार्च 2016 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष सहित सभी गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया.

(ii) बोर्ड ने दिनांक 29 अप्रैल 2016 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के सभी निदेशकों (एमडी एवं सीईओ, उप प्रबंध निदेशक तथा सरकारी निदेशक को छोड़कर जिनके कार्य-निष्पादन की समीक्षा भारत सरकार द्वारा की जाती है) के कार्य-निष्पादन, अपने कार्य-निष्पादन के साथ-साथ बोर्ड की समितियों के कार्य-निष्पादन का भी मूल्यांकन किया. बोर्ड द्वारा जिन निदेशकों का मूल्यांकन किया गया ऐसे संबंधित निदेशकों ने अपने मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान बैठक में भाग नहीं लिया.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान नियुक्त होने और त्यागपत्र देने वाले निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के विवरण

निदेशकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेवासमाप्ति	दिनांक
श्री किशोर खरात	भारत सरकार की दिनांक 14 अगस्त 2015 की अधिसूचना एफ. सं. 4/2/2015-बीओ. आई द्वारा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में नियुक्त	14.08.2015
श्री एम. एस. राघवन	अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में सेवा समाप्ति	30.06.2015
श्री एम. ओ. रेगो	14 अगस्त 2015 से बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्ति के फलस्वरूप डीएमडी के रूप में सेवा समाप्ति	14.08.2015
श्री पी. एस. शेनॉय	70 वर्ष की आयु पूरी करने पर और बैंक के संस्था के अंतर्नियम के अंतर्नियम 116 ए (i) के साथ पठित अंतर्नियम 116 (1) (ई) के प्रावधानों के अनुसार बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में प्रारंभिक चार वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के फलस्वरूप निदेशकता की समाप्ति	29.07.2015
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	निदेशक मंडल द्वारा 28 अगस्त 2015 को सम्पन्न अपनी बैठक में बैंक के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए	28.08.2015

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेवासमाप्ति	दिनांक
	शून्य	

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक की बनने वाली या न रहने वाली सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों के नाम

सहायक कंपनियों के नाम	बनने वाली/न रहने वाली	दिनांक
	शून्य	

सहयोगी कंपनियों के नाम	बनने वाली/न रहने वाली	दिनांक
	शून्य	

संयुक्त उद्यमों के नाम	बनने वाली/न रहने वाली	दिनांक
	शून्य	

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय V के अधीन शामिल जमाराशियों से संबंधित विवरण और उन जमाराशियों के विवरण जो इस अधिनियम के अध्याय V की अपेक्षाओं के अनुपालन में शामिल नहीं हैं.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(1) के परंतुक के अनुसार इस उप-धारा का कोई भी अंश बैंकिंग कंपनी पर लागू नहीं होगा, अतः उपर्युक्त विवरण के प्रकटन की अपेक्षा आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं है.

चालू प्रतिष्ठान स्थिति और भविष्य में कंपनी के परिचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित सार्थक और महत्वपूर्ण आदेशों के विवरण

विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा ऐसा कोई आदेश नहीं पारित किया गया जो आईडीबीआई बैंक की चालू प्रतिष्ठान की स्थिति और भविष्य में बैंक के परिचालनों को प्रभावित करते हैं.

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

वर्ष 2015-16 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित / प्रतिनियुक्त किया गया. इस संबंध में विस्तृत ब्योरे बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत दिए गए हैं:

The Bank's website>Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section> Familiarisation Programme for Directors

सतर्कता प्रणाली की स्थापना

बैंक ने सांविधिक/ विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन में बोर्ड द्वारा अनुमोदित सतर्कता प्रणाली स्थापित की है. सतर्कता प्रणाली पर रिपोर्ट नियमित आधार पर बोर्ड को प्रस्तुत की जा रही है. वर्ष 2015-16 के दौरान किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से नहीं रोका गया. बैंक

द्वारा सतर्कता प्रणाली नीति इसकी वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत रखी गई है जिसमें सतर्कता प्रणाली की स्थापना के ब्योरे दिए गए हैं:

The Bank's website>Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section>Policy on Vigil Mechanism

महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण हेतु नीति

सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 49 की अपेक्षाओं के अनुसार महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण के लिए नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत दी गई है:

The Bank's website>Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section>Policy for determining material subsidiaries

संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 और सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 23 के प्रावधानों के अनुसार बैंक ने संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बनाई है.

संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है:

The Bank's website>Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section> Policy on Related Party Transactions

व्यापक रूप से सूचीबद्ध संस्था के हितों से संभावित टकराव वाले भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबद्ध पक्ष लेन-देनों पर प्रकटन

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वर्ष 2015-16 के दौरान, बैंक ने भौतिक रूप से महत्वपूर्ण ऐसा कोई संबद्ध पक्ष लेन-देन नहीं किया है जिससे बैंक के हितों से किसी प्रकार के टकराव की संभावना हो.

पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों का प्रकटन

बैंक विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट दिशानिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों के संबंध में संबंधित उपबंधों का अनुपालन करता है.

लेखांकन व्यवहार का प्रकटन

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में लेखांकन मानदंड में निर्धारित विधियों से अलग कोई भी विधि नहीं अपनायी गई है. अत: इस संबंध में प्रबंधन की ओर से कोई भी स्पष्टीकरण अपेक्षित नहीं है.

निदेशकों के पारिश्रमिक

एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक, जिनकी नियुक्तियां भारत सरकार द्वारा की जाती हैं, के पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां सरकार द्वारा तय की जाती हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण तालिका 3 में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/लेनदेन नहीं रहे हैं.

तालिका 3 : एमडी एवं सीईओ तथा डीएमडी के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते (सरकारी आदेशों के अनुसार)	श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ [14.08.15 से] - वेतन ₹ 75,500/- प्रति माह और 125% की दर से ₹ 94,375/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,69,875/- श्री एम.एस. राघवन, सीएमडी [30.06.15 तक] - वेतन ₹ 80,000/- प्रति माह और 113% की दर से ₹ 90,400/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,70,400/- श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक - वेतन ₹ 71,030/- प्रति माह और 125% की दर से ₹ 88,787.50/ महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,59,817.5/- श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक [13.08.15 तक] - वेतन ₹ 68,960/- प्रति माह और 119% की दर से ₹ 82,062.4/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,51,022.4/-
आतिथ्य	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों, दोनों को किराया-मुक्त सुसज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्यों के लिए बैंक की कार का नि:शुल्क उपयोग.
छुट्टी यात्रा रियायत	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों, दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए दो वर्षों के ब्लॉक में एक बार.

पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर रहे हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	एमडी एवं सीईओ / डीएमडी के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा छह माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	श्री किशोर खरात - भारत सरकार की दिनांक 14 अगस्त 2015 की अधिसूचना सं.एफ.नं.4/2/2015-बीओ.I द्वारा 14 अगस्त 2015 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अधिवर्षिता की तारीख 30 सितंबर 2018 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, एमडी एवं सीईओ नियुक्त. श्री एम.एस. राघवन - भारत सरकार की दिनांक 5 जुलाई 2013 की अधिसूचना सं.एफ.नं.4/4/2012-बीओ.I द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 30 जून 2015 तक की अवधि अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त. श्री राघवन ने 5 जुलाई 2013 को कार्यभार ग्रहण किया और दिनांक 30 जून 2015 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद से सेवा-निवृत्त हुए. श्री बी.के. बत्रा- भारत सरकार की दिनांक 12 जनवरी 2012 की अधिसूचना एफ सं.9/14/2009-बीओ.I द्वारा 13 जनवरी 2012 से अधिवर्षिता की तारीख (31.07.2016) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री एम.ओ. रेगो- भारत सरकार की दिनांक 30 अगस्त 2013 की अधिसूचना एफ सं.7/3/2011-बीओ.I द्वारा उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री रेगो ने 30 अगस्त 2013 को पदभार ग्रहण किया और बैंक ऑफ इंडिया में एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्त होने के कारण दिनांक 14 अगस्त 2015 से उप प्रबंध निदेशक के पद पर नहीं रहे.

अन्य स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक ₹ 20,000/- की बैठक फीस प्रति बोर्ड, ईसी और एसीबी के लिए और बोर्ड समिति की अन्य बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 10,000/- अदा किए गए. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक फीस के अलावा बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त बैठक फीस की कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है :

स्वतंत्र निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रदत्त बैठक फीस (₹)
श्री पी.एस. शेनॉय [29.07.2015 तक]	2,15,000
श्री एस. रवि	11,50,000
श्री निनाद कर्पे	9,30,000
श्री पंकज वत्स	6,35,000
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी [28.08.2015 से]	3,70,000

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, के पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप पारिश्रमिक में लागू वृद्धि सहित भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है. उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बोर्ड के अन्य निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू तथा सरकारी क्षेत्र के मानदंडों के अनुसार पारिश्रमिक में लागू वृद्धि के साथ बैंक द्वारा अपनाए गए सरकारी क्षेत्र के वेतनमानों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन का संबंध बैंक के कार्य-निष्पादन सहित अन्य कारकों से होता है. बैंक ने कोई एफपीओ नहीं जारी किया है, अतः बैंक के शेयरों के बाज़ार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि, वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए बैंक के शेयरों के बाज़ार मूल्य वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा एमडी एवं सीईओ/ डीएमडी, जो भारत सरकार के अनुसार वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं, सहित कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्ती वेतन अवधारणा लागू नहीं है. यथा 31 मार्च 2016 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 17,570 थी, जिसमें 637 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी स्थायी थे. इस बात की

भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक का अनुपात और अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुपालन में हैं.

महासभा की बैठकें

(i) वार्षिक महासभा का विवरण

बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 12 अगस्त 2015 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण तालिका 4 में दिया गया है.

तालिका 4 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

गत तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय.	1) 04 सितंबर 2013 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई-400 018 (बैंक की 9वीं वार्षिक महासभा). 2) 30 जून 2014 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 10वीं वार्षिक महासभा). 3) 12 अगस्त 2015 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 11वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली 3 वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे.	**9वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 04 सितंबर 2013 को संपन्न 9वीं वार्षिक महासभा में (i) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 224(ए) के तहत बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षकों को नियुक्त करने, (ii) बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 81(1ए) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विशेष संकल्प पारित किए गए. **10वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 30 जून 2014 को संपन्न 10वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी बढ़ाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) धन उधार लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के संस्था अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए. **11वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 12 अगस्त 2015 को संपन्न 11वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए ₹ 20,000 करोड़ तक एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बांड जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
क्या गत वर्ष डाक मतदान के जरिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति का ब्योरा	नहीं
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	लागू नहीं
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतदान के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है	नहीं

(ii) असाधारण महासभा का विवरण

वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने दो असाधारण महासभाओं का आयोजन किया. पारित किए गए संकल्पों का संक्षिप्त विवरण तालिका में दिया गया है :

तालिका 5 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की असाधारण महासभाओं (ईजीएम) का विवरण

	4 नवंबर 2015 को आयोजित ईजीएम	22 मार्च 2016 को आयोजित ईजीएम
ईजीएम की तारीख, समय और स्थान	4 नवंबर 2015, अपराह्न 3.30 बजे., यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021	22 मार्च 2016, अपराह्न 3.30 बजे., यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021
मांगा गया अनुमोदन	अधिमानी आबंटन आधार पर भारत सरकार को कुल ₹ 2,229 करोड़ के ₹ 75.28 प्रति शेयर (₹ 65.28 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर बैंक के 29,60,94,580 इक्विटी शेयरों को ऑफर, जारी और आबंटित करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62 (1)(सी) के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प.	अधिमानी आबंटन आधार पर भारतीय जीवन बीमा निगम को कुल ₹ 1,500 करोड़ के ₹ 53.44 प्रति शेयर (₹ 43.44 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर बैंक के 28,06,88,622 इक्विटी शेयरों को ऑफर, जारी और आबंटित करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62 (1)(सी) के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प.
संवीक्षक	निदेशक मंडल ने दिनांक 23 सितंबर 2015 को संपन्न अपनी बैठक में ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव के श्री एस. एन. अनंतसुब्रमणियन को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया.	निदेशक मंडल ने दिनांक 19-20 फरवरी 2016 को संपन्न अपनी बैठक में ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव के श्री एस. एन. अनंतसुब्रमणियन को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया.
सूचना की तारीख	1 अक्तूबर 2015	20 फरवरी 2016
ई-वोटिंग सुविधा	सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 44 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ईजीएम में सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई थी ताकि वे वोट की प्रक्रिया पूरी कर सकें. साथ ही, ईजीएम स्थल पर सदस्यों के लिए टैब-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी.	
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	संवीक्षक को 367 सदस्यों से 1,41,28,20,498 वोट प्राप्त हुए (रिमोट ई-वोटिंग से 271 सदस्यों के 18,57,73,904 वोट और ईजीएम में 96 सदस्यों से प्राप्त 1,22,70,46,594 वोट). डाले गए 1,41,28,20,498 मतों में से 1,41,01,69,441 मत अर्थात् कुल मतों का 99.81% संकल्प के पक्ष में और 26,51,057 मत अर्थात् कुल मत का 0.19% संकल्प के विरुद्ध डाले गए.	संवीक्षक को 311 सदस्यों से 1,72,08,34,889 वोट प्राप्त हुए (रिमोट ई-वोटिंग से 204 सदस्यों के 19,76,90,816 वोट और ईजीएम में 107 सदस्यों से प्राप्त 1,52,31,44,073 वोट). डाले गए 1,72,08,34,889 मतों में से 1,71,80,57,626 मत अर्थात् कुल मत का 99.84% संकल्प के पक्ष में और 27,77,263 मत अर्थात् कुल मत का 0.16% संकल्प के विरुद्ध डाले गए.
	दिनांक 4 नवंबर 2015 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया. गुरुवार, दिनांक 5 नवंबर 2015 को अध्यक्ष द्वारा डाक मतदान का परिणाम घोषित किया गया और बैंक, आरटीए, अर्थात् कार्वी और एनएसडीएल की वेबसाइटों पर इसे प्रदर्शित किया गया. इसे स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई और एनएसई को भी प्रकट किया गया.	दिनांक 22 मार्च 2016 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया. मंगलवार, दिनांक 22 मार्च 2016 को अध्यक्ष द्वारा डाक मतदान का परिणाम घोषित किया गया और बैंक, आरटीए, अर्थात् कार्वी और एनएसडीएल की वेबसाइटों पर इसे प्रदर्शित किया गया. इसे स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई और एनएसई को भी प्रकट किया गया.

प्रकटन

1 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 के दौरान निम्न को छोड़कर, ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें बैंक के किसी निदेशक की हितबद्धता हो :

i. आईडीबीआई म्यूचुअल फंड (आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. द्वारा प्रतिनिधित्व) - श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई म्यूचुअल फंड के बोर्ड में हैं. तथापि, आईडीबीआई म्यूचुअल फंड के आईडीबीआई बैंक लि. की सहायक कंपनी होने के नाते इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

ii. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड - श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ और श्री बी.के. बत्रा, डीएमडी आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के बोर्ड में हैं. तथापि, आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के आईडीबीआई बैंक लि. की सहायक कंपनी होने के नाते इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

2 पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाज़ार से संबंधित किसी मामले पर बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना के विवरण निम्नानुसार हैं :

2013-14	(i) भारतीय रिज़र्व बैंक ने केवाईसी और एएमएल दिशानिर्देशों संबंधी रिज़र्व बैंक के निर्देशों का उल्लंघन करने पर बैंक पर ₹ 10 मिलियन का दंड लगाया. (ii) सेबी ने 22 अप्रैल 2010 को क्यूआईपी माध्यम से वेलस्पन इंडिया लि. के 50 लाख इक्विटी शेयर खरीदने के लिए सेबी के अधिग्रहण और पीआईटी विनियमावली के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा प्रकटन सूचना की प्राप्ति में विलंब के लिए बैंक पर ₹ 2 लाख का दंड लगाया.
2014-15	रिज़र्व बैंक ने दिनांक 25 जुलाई 2014 के अपने आदेश के ज़रिए डेक्कन क्रोनिकल होल्डिंग्स लि. के संबंध में बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के अनुपालन में विचलन के लिए ₹ 15 लाख का दंड लगाया.
2015-16	शून्य

आचार एवं सदाचार संहिता

बैंक के निदेशक मंडल ने इसके निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार एवं सदाचार संहिता को अपनाया है. सूचीबद्धता विनियमावली के अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा घोषणा

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह./-

किशोर खरात
(डीआईएन - 07266945)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

3 मई 2016

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमावली, 2015 के विनियम 8 के अनुसार बैंक ने अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता बनाई है. यह संहिता बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है :

The Bank's website>Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section>Prevention of Insider Trading-Code of Conduct

उक्त विनियमावली के विनियम 9 के अनुसार बैंक ने अपने कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा की जा रही ट्रेडिंग को विनियमित करने, निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए आचरण संहिता भी बनाई है.

सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 17(8) के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर एमडी एवं सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं.

सहायक कंपनियां

यथा 31 मार्च 2016 को बैंक के पूर्ण स्वामित्ववाली पांच सहायक कंपनियां थीं, जिनके नाम हैं: आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड. बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में रखने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी संशोधित सूचीबद्धता विनियमावली के विनियमन 16 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 24 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक की लेखापरीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त बैंक की बीआरसी बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं.

सचिवीय लेखापरीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव, बैंक के सचिवीय लेखापरीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा की. दिनांक 12 मई 2016 की सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई है.

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणामों को प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् बिज़नस लाइन में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकमत में प्रकाशित किया जाता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर भी उपलब्ध कराई गई है.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को नहीं भेजे गए हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः तालिका 6 और तालिका 7 में दिया गया है.

तालिका 6 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	22 जुलाई 2016, शुक्रवार, अपराह्न 3.30 बजे., यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021
ii.	वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 44 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 18 जुलाई 2016, भारतीय मानक समय के अनुसार दोपहर 12.00 बजे से प्रारंभ होगी और गुरुवार, 21 जुलाई 2016 को भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 5.00 बजे समाप्त होगी.
iv.	लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	15 जुलाई 2016 से 22 जुलाई 2016 (दोनों दिन शामिल)

v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	1. बीएसई लि. (बीएसई) पता : 25वीं मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई -01. 2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. पताः (एनएसई) एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंज़िल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई-51 बीएसई और एनएसई के वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान क्रमशः दिनांक 26 अप्रैल 2016 और 22 अप्रैल 2016 को किया गया है.
vi.	स्टॉक कोड/ प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई - आईडीबीआई
vii.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद - 500 032
viii.	शेयर अंतरण प्रणाली	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं.
ix.	वित्तीय कैलेंडर	01 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 : 1) 30 जून 2015 को समाप्त तिमाही के परिणाम 12 अगस्त 2015 को अनुमोदित किए गए. 2) 30 सितंबर 2015 को समाप्त तिमाही / छमाही के परिणाम 04 नवंबर 2015 को अनुमोदित किए गए. 3) 31 दिसंबर 2015 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौ महीने के परिणाम 12 फरवरी 2016 को अनुमोदित किए गए. 4) 31 मार्च 2016 को समाप्त चौथी तिमाही / वर्ष के लेखापरीक्षित परिणाम 20 मई 2016 को अनुमोदित किए गए.
x.	प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	बुधवार, 20 जुलाई 2016
